आस्था

बड़ी खेरमाई मंदिर में श्रद्धा की त्रिवेणी, दूर- दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

नवरात्र में जहां भी रहें, दर्शन करने बड़ी खेरमाई जरूर आते

जबलपुर। भानतलैया स्थित गुप्त शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर में श्रद्धा की त्रिवेणी मिलती हैं, श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्र में वह शहर से बाहर भी अगर होते हैं तो वह माता के दर्शन करने यहां जरूर पहुंचते ही हैं। शारदीय नवरात्र महापर्व के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। ब्रह्म मुहूर्त से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं, जो मां भगवती को जल अर्पण कर पूजन-अर्चन करने के लिए पहुंचे, जिसके साथ ही माता के जयकारों और घंटियों मंदिर गुंजायमान हो उठा। मां खेरमाई का भव्य श्रंगार आज %माता चंद्रघंटा% के स्वरूप में किया गया, जिसका दिव्य दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रात: काल से ही महिलाएं कलश लेकर जल अर्पित करने पहुंचीं और दोपहर तक दर्शनार्थियों की भीड़ बनी रही। शाम को सात बजे की विशेष आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।



151 मनोकामना ज्योतिकलश और 1100 घट जवारे बोए

बड़ी खेरमाई मंदिर समिति के पुजारी एवं सदस्यों ने बताया कि मंदिर परिसर में 151 मनोकामना ज्योतिकलश स्थापित हैं और 1100 घटों में जवारे बोए गए हैं। जिनके दर्शन को लेकर भी लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा। सभी ज्योतिकलश के दर्शन के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यवस्था की गई है।

सप्तमी से रात्रि 12 बजे होगी महाआरती

सप्तमी, अष्टमी और नवमीं तिथियों को देवी के महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली रूपों की विशेष पूजा होगी और रात्रि 12 बजे विशाल महाआरती का आयोजन होगा। जिसके बाद 4 अक्टूबर को शाम 6 बजे जवारा विसर्जन जुलूस परंपरागत मार्गों से निकाला जाएगा।

इनका कहना है

हम कटनी से आए हैं, मेरी बेटी की शादी जबलपुर में हुई है, हर नवरात्र माता के दर्शन करने बड़ी खेरमाई मंदिर आती हूं, यहां दर्शन करके अपार शांति मिली है।

मीरा नामदेव

हम परिवार सहित हर नवरात्र में यहां आते हैं। मंदिर में माता के दर्शन किए साथ ही ज्योतिकलश और 1100 घटों में जवारे के दर्शन भी किए।

रेखा मार्को

नौ दिनों तक माता की आराधना करने का सौभाग्य प्राप्त होता है, रोज माता की पूजा करने आती हूं और यहां बैठकर भजन भी करते हैं।

पुष्पा परते

हम दोनों रोज सुबह माता जी को जल चढ़ाने आते हैं, और शाम को भी पूजन करते हैं, पूरी नवरात्रि बड़ी खेरमाई मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रहती हैं।

रागिनी, मुस्कान

फुल गेटअप में होगी फाइनल प्रैक्टिस

देखते बन रहा है प्रतिभागियों का उत्साह

जबलपुर, नवभारत। नवभारत रिदम गरबा महोत्सव 2.0 में प्रशिक्षित कोरियोग्राफर द्वारा दी जा रही गरबे की ट्रेनिंग अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। गरबा महोत्सव से जुड़े प्रतिभागियों ने इस संबंध में जानकारी साझा की। प्रतिभागियों ने बताया कि अब डांडिया डांस और गरबे से जुड़ी हर जानकारी जिम्मेदारों द्वारा बताई जा चुकी है, वही डांस के हर स्टेप भी क्लीयर हो गए हैं। एम जी जी मैरिज पैलेस दमोहनाका में होने वाले महा गरबे के उत्सव में रंगने के लिए प्रतिभागी तैयार हैं। अब बस कुछ ही घंटों का इंतजार शेष है और फिर शुरू होगा एक दिवसीय महोत्सव का सिलसिला। नवभारत रिदम गरबा महोत्सव 2.0 में मंगलवार को प्रतिभागियों ने एम जी जी मैरिज पैलेस दमोहनाका में रिहर्सल की। आज यानी गुरुवार को उक्त स्थान पर प्रैक्टिस के लिए प्रतिभागी सुबह 11 और शाम 4 बजे एक बार फिर एकत्रित होंगे।

फुल गेटअप में होगी रिहर्सल

गरबा ग्रुप के संचालक विकास पांडे ने नवभारत को बताया कि फाइनल प्रैक्टिस के लिए प्रतिभागियों द्वारा ड्रेस भी सलेक्ट कर ली गई है और फाइनल प्रैक्टिस फुल गेटअप में होगी। इसके लिए कोई पिंक, रेड और ब्लैक के साथ वाइट की मैचिंग कैरी करेंगे, तो कुछ ब्ल्यू के साथ मल्टीकलर ड्रेस प्लान कर गरबा करेंगे। मुख्य समारोह में इस साल जरूरत से ज्यादा भीड़ के आने का अनुमान भी लगाया जा रहा है।

इनका कहना है

मैंने देखा कि नवभारत रिदम गरबा 2.0 की प्रैक्टिस बड़े ही ज़ोर-शोर से चल रही है। हर एक पार्टिसिपेंट पूरे दिल से डांस सीख रहा है और अब तो साफ लग रहा है कि इस बार का गरबा कुछ खास होने वाला है।

दिव्या

इनका कहना है

हमारे आयोजक विकास पाण्डेय सर, वसु मरावी मेम और राहुल सक्सेना सर लगातार हमें सपोर्ट और हौसला दे रहे हैं। उनकी मेहनत और हमारा उत्साह मिलकर इस कार्यक्रम को नवरात्रि नवभारत रिदम 2.0 की सबसे यादगार रात बनाने वाला है।

भक्ति

आज हमारी प्रैक्टिस का पाँचवा दिन था और सभी का जोश अब दोगुना हो गया है। हर दिन की मेहनत और कोरियोग्राफर की बेहतरीन गाइडेंस से अब बस मंच पर उतरने का इंतज़ार है।

दिव्यांश गुप्ता

एक नजर में

द हॉरर ट्रेन की झांकी ने बढ़ाई दुर्गा पंडाल की भव्यता



नवभारत,जबलपुर। श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति यादव कॉलोनी निरंतर भव्यता और नई झांकियों का निर्माण करती आ रही है। इस वर्ष समिति अपने 32वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। जिस दौरान समिति द्वारा इस वर्ष नवरात्र में द हॉरर ट्रेन की विशेष झांकी प्रस्तुत की है जिसका आधार पश्चिम बंगाल का दमदम स्टेशन है। यह भारत के रहस्यमयी और भूतिया स्टेशनों में गिना जाता है। समिति के अध्यक्ष श्री रंजीत पटेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों और दर्शकों को कुछ अलग अनुभव कराने का प्रयास किया गया है। झांकी का निर्माण आधुनिक तकनीक और सजीव कला के माध्यम से किया गया है, ताकि दर्शकों को रोमांच और अद्भुत अनुभव का आभास हो सके। समिति का उद्देश्य केवल भक्ति और आस्था का वातावरण निर्मित करना ही नहीं, बल्कि समाज को नई और अनूठी झांकियों के माध्यम से मनोरंजन, प्रेरणा और आकर्षण प्रदान करना भी है। समिति के पदाधिकारियों ने भक्तों से निवेदन किया है कि वे माँ दुर्गा के जयकारों के साथ इस अनूठी द हॉरर ट्रेन झांकी के दर्शन करें और भक्ति, आस्था व सांस्कृतिक समरसता से भरे इस आयोजन का हिस्सा बनें।



वाद-विवाद, पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में प्रदर्शित हुईं विद्यार्थियों की कला

नवभारत,जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय जबलपुर में वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय वैश्विक व्यापार युद्ध में भारत की टैरिफ नीति देश की ढाल पर विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक, कृषि एवं समसामयिक मुद्दों को उजागर किया गया। गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह अंतर्गत विद्यार्थियों की स्नातक स्तर पर महाविद्यालयीन स्तर पर वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है जिसमें विद्यार्थी बढ़चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक संयोजक डॉ. बी.एस.द्विवेदी एवं डॉ.ए.एन. गौतम द्वारा किया गया।

एआईएनजीओ जीसीएफ ब्रांच ने मनाया सेवा शर्त उल्लंघन दिवस

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी संघ, ए आई एन जी ओ की जीसीएफ ब्रांच ने बुधवार को सेवा शर्त उल्लंघन दिवस मनाया। साथ ही रक्षा सचिव को मुख्य महाप्रबंधक के माध्यम से लंबित पड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मांगों में निगमीकरण के बाद सेवा शर्तों को यथावत रखने के लिए प्रसार भारती मॉडल लागू करने, तकनीकी कैडर का स्टैग्नेशन दूर करने, कैडर रिव्यू होने, एस आर ओ अमेंडमेंट एवं बंद पड़ी अनुकंपा नियुक्ति को चालू करने की मांगें शामिल रहीं।

116 वर्ष से गोकलपुर में हो रही रामलीला

नवभारत,जबलपुर। उपनगरीय क्षेत्र गोकलपुर स्थित 116 वर्ष से मानव लीला मंचन की प्रस्तुति श्री हरिहर रामलीला समाज द्वारा दी जा रही है। बुधवार को गोकलपुर रामलीला मंचन की शुरूआत दशरथ - कैकई संवाद से हुई । राजाराम को 14 वर्ष वनवास का समाचार प्राप्त होते ही पूरी अयोध्या में शोक की लहर, राजा दशरथ द्वारा कोप भवन में विलाप - माता कैकई द्वारा राम को वन गमन का सन्देश की मानव लीला प्रस्तुत की गई। इस संबंध में रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने आगे बताया कि राम वन गमन, गंगा पार कि लीला का मंचन प्रस्तुत किया गया । राम के पात्र दिनेश यादव, लक्ष्मण के पात्रत राजा ठाकुर, सीता

के पात्र आदित्य शुक्ला, दशरथ के पात्र जी. डी. चक्रवर्ती, केवट के पात्र राम राज शर्मा, कैकेई पात्र जितेंद्र कोरी, मंत्री सुमंत के पात्र मुकेश शर्मा, महिला पात्रों में नायरा सिंह, कंगना, बबलु कोरी, संजय दीक्षित अखिलेश, शारदा द्वारा सखी का अभिनय किया गया । 25 सितंबर दिन गुरुवार निषाद राज केवट संवाद चित्रकूट निवास की मानव लीला प्रस्तुत की जाएगी । पूरा कार्यक्रम सामुदायिक भवन गोकलपुर रामलीला मंच प्रांगण में आयोजित हो रहा है। ये जानकारी रामलीला समिति के विजय रजक घन श्याम यादव, अनुराग पांडे, अमित गुप्ता, नयन सोनी, राजाराम साहू, रॉबिन मसीही टोनी ने दी है।

जबलपुर मंडल में भी सक्रिय मेरी सहेली

जबलपुर। महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली पहल महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मेरी सहेली पहल दिनांक 17 अक्टूबर 2020 से पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर लागू की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत 250 विशेष मेरी सहेली टीमें गठित की गई हैं, जिनमें रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मचारी शामिल हैं। ये टीमें प्रतिदिन लगभग 500 ट्रेनों में करीब 13 हज़ार अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल में कुल 07 मेरी सहेली टीमें कार्यरत हैं, जो प्रमुख स्टेशनों सतना, कटनी, सागर, दमोह, जबलपुर, मदनमहल एवं पिपरिया पर तैनात हैं।

कंपनी को हुआ 2.43 करोड़ का लाभ

जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित वी मित्र मोबाइल ऐप आम जनता के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिकों ने बिजली चोरी, अवैध कनेक्शन और गलत उपयोग की जानकारी देकर न केवल कंपनी को जागरूक किया बल्कि उन्हें इनाम के रूप में राशि भी प्राप्त हुई है। अब तक विभिन्न जिलों के 1275 नागरिकों को कुल 5.26 लाख रुपए इनाम के रूप में उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित किए गए हैं। अब तक 23,144 से अधिक उपभोक्ता वी मित्र ऐप डाउनलोड कर चुके हैं।

मरीजों को इनकरेज करने गरबा नाइट का आयोजन

जबलपुर। मंगलवार को गरबा नाइट का आयोजन, बोन एंड जॉइंट बैलेंस क्लीनिक डॉक्टर अमित जयकुमार जैन के द्वारा किया गया। मरीज को इनकरेज करने लिए हर साल कि तरह इस साल भी गरबा एक्टिविटी का आयोजन किया गया। साल दर साल इस कार्यक्रम को और भी बेहतर उन मरीजों की उपस्थिति के द्वारा बनाया जाता है जिनके ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई है। लगभग 400 से भी अधिक मरीज इस गरबे नाइट में शामिल हुए और उन्होंने संदेश दिया कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद भी वह पूरा लाइफ को इंजॉय कर सकते हैं, डांस कर सकते हैं और माता रानी की आराधना कर सकते हैं।

सशक्त हस्ताक्षर की काव्यगोष्ठी में प्रस्तुत हुईं एक से बढ़कर एक रचनाएं

नवभारत,जबलपुर। सशक्त हस्ताक्षर संस्था की 40 वीं काव्य गोष्ठी श्री जानकीरमण महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने साहित्य मनीषियों, अतिथियों का परिचय दिया। वहीं सरस्वती वंदना सिद्धेश्वरी सराफ शीलू ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतुल श्रीवास्तव, अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि कवि संगम त्रिपाठी,राजेश वर्मा, सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रतुल श्रीवास्तव को साहित्य सेवा क्षेत्र में राजेश वर्मा को ,समाज सेवा क्षेत्र में श्रीमती ज्योति प्यासी को साहित्य सेवा क्षेत्र में मानपत्र, शाल, अंगवस्त्र,कलम श्री से सम्मानित किया गया। काव्यगोष्ठी का

शुभारंभ सुवीर श्रीवास्तव वीर ने नज्म पढ़कर किया। इस मौके पर दीनदयाल तिवारी, सुभाष मणि बैरागी, श्रीमती चंद्रप्रकाश वैश्य,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव , तरूणा खरे तनु ,अम्लान गुहानियोगी,लखन रजक, संदीप खरे, सरोज खरे,चंदा श्रीवास्तव,ज्योति खरे ने एक से बढ़कर एक रचनाओं का प्रस्तुत किया । वहीं भेड़ाघाट से पधारे कुंजीलाल चक्रवर्ती, कालीदास तामकार काली, ज्योति प्यासी, बालमुकुंद लखेरा, प्रकाश सिंह ठाकुर, अमरसिंह वर्मा,आरती श्रीवास्तव,प्रतीक्षा सेठी,वंदना सोनी विनम्र,विनीता श्रीवास्तव ने समसामयिक विषय पर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वरी सराफ, गणेश श्रीवास्तव व आभार श्रीमती तरूणा खरे ने व्यक्त किया।

महिलाओं का सशक्तिकरण राष्ट्र की प्रगति का आधार

हवाबाग कॉलेज में सशक्त नारी विषय पर आयोजित हुआ व्याख्यान

नवभारत,जबलपुर। हवाबाग महाविद्यालय जबलपुर में विगत 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को डॉ. सागर साहू एवं डॉ. श्वेता भवदिया सहायक प्राध्यापक, आहार एवं पोषण, गृहविज्ञान विभाग स्वशासी शासकीय मानकुवंर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त नारी विषय पर व्याख्यान एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन

महाविद्यालय प्रबंधक श्रीमति छाया सिलास एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीमति शहवार सैयद के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान बताया गया कि महिलाओं का स्वास्थ एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. नीलिमा दुबे के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की सेवा पखवाड़ा समिति के सभी सदस्य डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. अनीता उपाध्याय, डॉ. अनुदिता बड़गैयां, सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सनाढ्य संगम के 150 वें अंक का विमोचन आज

नवभारत,जबलपुर। 39 वर्षों से नियमित प्रकाशित सनाढ्य-विप्र समाज की सनाढ्य संगम के 150 वे अंक का विमोचन कार्यक्रम पं. भवानी प्रसाद पाठक जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारंभ पर 25 सितंबर 2025 को दोपहर 3.30 बजे से दत्त मंदिर सभागार गोलबाजार में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम

आनंदम ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

पुराने गीतों और माता रानी के भजनों की दी प्रस्तुतियां

जबलपुर। आनंदम ग्रुप के तत्वाधान में स्वर्गीय कोमलचंद जैन की स्मृति में गीत संगीत, गजल एवं भजन का प्रोग्राम दत्त मंदिर के अनूसूईया हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की थीम पुराने गीतों और माता रानी के भजनों पर आधारित थी। जिसमें शहर के जाने-माने कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार गीतों और भजनों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का आगाज़ सबसे पहले ग्रुप के संचालक मोहन अय्यर एवं अशोक पिल्लई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मां सरस्वती और दुर्गा के भजनों को प्रस्तुत किया गया। जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी ज्यादा बढ़ गई थी। इसके बाद रवि अय्यर, बीके यादव, मनोहर सोनी, दुर्गेश ब्यौहारऔर रेनू जैन द्वारा टूट गई है माला, श्याम तेरी बंसी, मेरो मदन गोपाल जैसे आदि भजनों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया।

इनका कहना है

इस वक्त चारों ओर नवरात्रि की धूम देखी जा रही है। इसी कड़ी में आनंदम ग्रुप द्वारा गीत संगीत और भजनों पर आधारित प्रोग्राम आयोजित किया गया था।

मोहन अय्यर

मैंने भी कार्यक्रम में छोटो सो मेरो मदन गोपाल भजन पर अपनी प्रस्तुति दी। जिसको सभी दर्शकों ने खूब पसंद किया।

अशोक पिल्लई

ग्यारहवीं शरीफ का पहला मेला आज

नवभारत,जबलपुर। मदनमहल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में माहे रबीउल आखिर की पहली तारीख बुधवार को बाद नमाज़-ए-असर परचम कुशाई का आयोजन किया गया। परचम कुशाई के उपरांत सलातो सलाम व दुआएं की गईं तथा अकीदतमंदों में तबर्रक तक्सीम किया गया। इस अवसर पर मुतवल्ली सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी, सज्जादानशीन सूफी मुबारक क़ादरी, निज़ाम क़ादरी, बासित क़ादरी, इनायत कादरी, अब्बू बाबा कादरी, असगर क़ादरी, रोशन क़ादरी, शराफत क़ादरी, आशु क़ादरी नेताजी सहित सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे। सज्जादानशीन इनायत कादरी के अनुसार आज 25 सितम्बर, जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ का पहला मेला आयोजित होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मदनमहल दरगाह पहुंचकर अपनी हाजिरी पेश करेंगे।